Title: Requested to include the names of all the people living below the poverty line in the list of Central Government irrespective of their political ideologies to offer the relief under various schemes.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से देश के गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। उनके नाम सरपंच की मनमानी अथवा वैमनस्य या चुनाव में विरोधी पक्ष की ओर से लड़ने के कारण, गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्तियों की सूची में नहीं जोड़े गए हैं जिसके कारण वे केन्द्र सरकार की गरीबों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, हमारे प्रधान मंत्री, माननीय अटल जी ने गरीबों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं जैसे गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले व्यक्तियों को 25 किलो अनाज दिया जाना जिसमें दो रुपए किलो गेहूं व तीन रुपए किलो चावल दिया जाएगा। इसी प्रकार से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत जो 10 किलो अनाज मिलता है उसको दुगना कर दिया गया है, लेकिन राज्य सरकारों के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही इन योजनाओं का लाभ गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की सूची में गरीबी रेखा से नीचे रहने वालों के नाम नहीं जोड़े जाने से इन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इसी प्रकार से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत मिलने वाली अन्य चीजें जैसे चीनी, दाल, तेल और कपड़ा इत्यादि भी उनके नाम उस सूची में न जोड़े जाने के कारण उन्हें सस्ती दरों पर नहीं मिल रहे हैं। इसलिए मेरी आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है कि गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले ऐसे लोगों के नाम जिन्हें विरोध में चुनाव लड़े हैं, या वैमनस्यता के कारण अथवा सरपंचों की मनमानी के कारण गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की सूची से बाहर रखा गया है, उनके नाम भी पूरे देश में गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की सूची में जोड़े जाएं ताकि उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

*Not Recorded.